सी0एम0 संदर्भ/तत्काल

संख्या-08/सी0एम0-09/84-डे0ई0-15-सीएम-09/2015

प्रेषक,

शिव शंकर द्विवेदी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 27 मई,2015

विषय:- श्री मुबीन अहमद, प्रबन्धक (प्रभारी) उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम झाँसी को मण्डी परिषद में मण्डी सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-सी0एम0-09/84-डे0ई0-2015-सी0एम0-09/15, दिनांक 18-02-2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन के उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 18-02-15 में आपसे की गयी अपेक्षानुसार वाँछित सूचनायें/अभिलेख अभी तक शासन को अप्राप्त है। प्रश्नगत प्रकरण मा0 मुख्यमंत्री जी के आदेशों से संबंधित है तथा प्रकरण की स्थिति से अवगत कराते हुए प्रश्नगत संदर्भ को कम्प्यूटर सूची से भी विलोपित कराया जाना है। अत: कृपया प्रकरण की महत्ता दृष्टिगत रखते हुए वांछित सूचनाएँ/अभिलेख शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शिव शंकर द्विवेदी)
अनु सचिव।

http://srsanadesh.up.nic.in/go/